तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




10 डाइट बेमेतरा में हुई तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता






08 मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दिखाएगी ...

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल आज

**बेमेतरा**। स्वतंत्रता दिवस के लिए परेड की फूलड्रेस रिहर्सल आज प्रातः 9 बजे से शुरू होगी। पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एन.सी.सी. परेड की सलामी दी जाएगी। रिहर्सल समारोह स्थल बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान पर आयोजित होगी। इस बार ज़िला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों के देशभक्ति, संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभागों को दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का भी वितरण किया जाएगा। 15 अगस्त के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों व राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रौशनी की जाएगी। इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी और मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी।

### शहर में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**बेमेतरा**। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा सुबह 7 बजे से जय स्तंभ चौक से शुरू होगी। तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों से होकर निकलेगी और जय स्तंभ चौक पर ही समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, डाइट के बच्चे, ज़िले के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय निवासी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि बैंड की धुन के साथ शामिल होंगे। कलेक्टर ने इस तिरंगा यात्रा में लोगों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### बड़भूम में अतिरिक्त कमरे का लोकार्पण कल

**गुरुर**। ग्राम बड़भूम में 14 अगस्त बुधवार को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है।

विरोध : सोमवार को क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के किसानों व महिलाओं ने किया प्रदर्शन

# सरदा में स्टील प्लांट के विरोध में किसान लामबंद, महिलाओं ने भी खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदा में हो रहे स्टील प्लांट के निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने जंगी प्रदर्शन किया। किसानों के अनुसार स्थानीय सर्व व राज्य स्तर पर लगातार शिकायत करने के बाबजूद उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए प्रदर्शन शाम 5 बजे तक जारी था। भाजपा के नेता 3 बजे के प्रदर्शन स्थल पहुंचे थे। प्रदर्शन में आसपास के दर्जन भर गांव से अधिक किसान व महिलाएं पहुंची थी। प्रदर्शनकारियो ने हाथों में तख्ती लेकर संयंत्र निर्माण को रोक लगाने की मांग रखी है। प्रदर्शनकारी शासन प्रशासन के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे थे इस दौरान आंदोलन को को देखते दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनादगांव की पीटीएस बुलाकर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन में भाजपा विधायक दीपेश साहू, योगेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,गौकरण साहू सूर्यकांत साहू, रेख राम साहू, सूर्या चौहान, सिद्दीक खान, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, हेमंत वैष्णव, पुष्पा टांकेश, मोंटी साहू क्रांति सेना जिला अध्यक्ष निलेश साहू समेत क्षेत्र के किसान मौजूद रहे ।

- कारखाना निर्माण पर रोक लगाने की मांग
- विधायक दीपेश सहित भाजपा के कई नेता भी आंदोलन में उतरे





### बेमेतरा जिला कृषि प्रधान, आय का प्रमुख स्रोत खेती

12 गांव के किसान संघ के जिला अध्यक्ष सुरीत साहू की अगुवाई में क्षेत्र के किसानों ने सरदा में प्लांट स्थापना का विरोध कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बेमेतरा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, इस क्षेत्र का मुख्य व्यवसाय कृषि है। बेरला क्षेत्र के निवासी धान, दलहन, तिलहन, सब्जी व फलों का उत्पादन करते है। यहां आय का प्रमुख स्रोत खेती से ही होता है।

### 43 एकड़ भूमि पर प्लांट निर्माण शुरू, अपशिष्ट से कृषि प्रभावित होने का खतरा

आसपास के किसानों का कहना है कि सरदा में 42.68 एकड़ में स्टील प्लांट की स्थापना की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ फसल उत्पादन पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। सरदा में उद्योग लगने से कृषि कार्यों में, प्लांट से निकलने वाले धुएं, वेस्ट वाटर व अपशिष्ट पदार्थों से कृषि कार्य के साथ-साथ आम जन जीवन प्रभावित होगा। एक समय के बाद यहां कृषि कार्य समाप्त हो जाएगा, जिससे किसानों के सामने जीवकोपार्जन के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

### स्थानीय को रोजगार देने का वादा कर बाहर के लोगों की भर्ती

जानकारी के अनुसार बेरला में स्थापित उद्योगों में 60 से 70 प्रतिशत कमर्चारी बाहरी हैं। प्लांट के निर्माण के दौरान स्थानीयों को रोजगार देने का वादा किया जाता है, लेकिन स्थापना के बाद स्थानीय को दरकिनार कर बाहरी कामगारों को रोजगार में प्राथमिकता दी जा रही है। स्पष्ट है कि प्लांट स्थापना के दौरान क्षेत्र के लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने का वादा किया जाता है, जिसे बाद में भुला दिया जाता है ।

### दर्जनभर गांव के किसान होंगे प्रभावित

पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा कृषि प्रधान क्षेत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के हर ब्लॉक में फूड प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की घोषणा की थी। कांग्रेस पूरे कार्यकाल में अपनी घोषणा को पूरा नहीं कर पायी,। जिसका खामियाजा जिले के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्लांट स्थापना से सरदा, लेंजवारा, जामगांव, देवरी, पाहन्दा, बावनलाख, भिलौरी, आन्दू समेत दर्जन भर गांव के किसान प्रभावित होंगे।

### जनसुनवाई में पुरजोर विरोध के बावजूद निर्माण गलत : दीपेश

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरदा में स्टील प्लांट निर्माण के लिए एनओसी दिया गया था। इसके बाद प्लांट निर्माण का काम शुरू हो गया था और उसी समय क्षेत्र के किसान भाइयों ने इनका पुरजोर विरोध किया था। वहीं, पर्यावरण विभाग द्वारा रखी गई जनसुनवाई में 100 प्रतिशत ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करवाया था। उसके बावजूद एनओसी देकर सरदा में स्पंज आयरन स्टील प्लांट का निर्माण कर शुरू कर दिया गया।

# पीएचसी देवरबीजा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरबीजा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट मिला है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. सुधीर कुमार डहरिया व डॉ. अंजू गोपे प्रधान द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र का बीते दिवस मूल्याकन किया गया । मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरबीजा को 90.83 प्रतिशत स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित किये गये स्वास्थ्य सेवाओं के 6 अलग-अलग मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपयुक्त पाए जाने पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निंरतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हुए।

प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र देवरबीजा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट मिलने पर संस्था प्रभारी हरजीत सिंह वर्मा ने खुशी जाहिर करने हुए बताया कि यह सब अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों आरएमए खिया सिंह पटेल, स्टाफ नर्स अन्नु वर्मा, हेमा साहू, प्रेमलता साहू नेत्र सहायक अधिकारी दुर्गेश साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक व्ही तिवारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गंदी वर्मा, फार्मासिस्ट सूरज कुमार साहू, लैब टेक्नीशिनय उमाशंकर यदु, जेएस अखिलेश कुमार देशलहरे, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मनोज बंजारा, साजिदा शेख, कविता जांगड़े, संतोषी रात्रे, दिव्या कोशले, नरेन्द्र क्षेत्रपाल, देवचरण साहू, रचना साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुरश्मि देवांगन, प्रज्ञा साहू, आयुष्मान ऑपरेटर डोमन निषाद एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परमिला मेहर के अपने कार्य के प्रति लगन का परिणाम है। अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा के कारण ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

# बाइक को टक्कर मारकर खेत में पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दाढ़ी

नगर पंचायत दाढ़ी में तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क पर चल रही बाइक सवार को बचाने के चक्कर में खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं, बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी



हालंकि किसी को भी चोट नहीं आई। मिली जानकारी के अनुसार सीजी 12 एके 0692 नंबर चालक संदीप शुक्ला ग्राम केसली उम्र 32 वर्ष अपने परिजन को लेकर इलाज के लिए दाढ़ी निजी अस्पताल अस्पताल ले जा रहा था। इसी दौरान नगर पंचायत दाढ़ी स्थित अंजली हॉस्पिटल के सामने मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में किनारे में खड़ी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। ग्रामीणों की मदद से कार में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### भारत माता की जयघोष के साथ शुरू हुई तिरंगा रैली

**थानखम्हरिया**। भाजपा मंडल कार्यकर्ता व युवा मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरन यादव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाइकों पर सवार कार्यकर्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली। रैली भाजपा मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरन यादव के निवास से शुरू हुई जो थानखम्हरिया नगर भ्रमण किया व हाड़ाहुली, खपरी, ठेलका, धौराभाठा, मुसवाडीह, जांता होते साजा विधायक ईश्वर साहू के निवास पहुंची। वहां से थानखम्हरिया, साजा व परपोड़ी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक साथ विशाल तिरंगा रैली साजा नगर में भ्रमण किया। तिरंगा रैली का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस रैली में थानखम्हरिया मंडल के अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, युवा नेता राजेन्द्र वर्मा, आदर्श जोशी, सरपंच बरगा बल्लू नोहर पाल , कुश कश्यप, ओम प्रकाश पाल, गणेश वर्मा, दिनेश वर्मा, बिसाहू साहू, मंगतु यादव, मेहत्तर यादव, जीयन निषाद, चोवाराम साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।


**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**

**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006 (द्वितिय चरण)**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **26 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं | कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-30.08.2024 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-05.09.2024 तक |**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,

संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923,
राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

पासपोर्ट फोटो

महोदय,

.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ....................पोस्ट ....................तहसील ....................
थाना ....................जिला.................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर






## खबर संक्षेप

### स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का प्रवचन 14 को



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में 14 अगस्त को गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का एक दिवसीय प्रवचन होगा। साथ ही गुरु दर्शन और समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि जगतगुरु नरेंद्राचार्य भक्त सेवा मंडल द्वारा यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे जारी रहेगा। समस्या मार्गदर्शन पर्ची 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी। इसी दौरान हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### फिलिप्स अकादमी में डॉ. महंत, अमेरिका की शिक्षा प्रणाली को समझा



**रायपुर।** यूएसए के लुईसविले, केंटकी में राज्य विधानमंडलों के राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीएसएल) और राष्ट्रीय विधानमंडल सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित विधायी शिखर सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन के सत्र में बोस्टन अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्था फिलिप्स अकादमी का अवलोकन किया। संस्था के भ्रमण उपरांत वहां के प्राचार्य एवं संचालकों से मुलाकात कर अमेरिका की शिक्षा प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की तथा उन संभावनाओं पर भी चर्चा की, जिससे छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर और भी सुधारा जा सके। भ्रमण के दौरान डॉ. महंत के पुत्र सूरज महंत भी साथ रहे।

### बच्चों ने लगाए पौधे हरियाली का संकल्प

**रायपुर।** सावन माह में अग्रोहा कॉलोनी सेक्टर-1 के बच्चों और कॉलोनीवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी दौरान बच्चों ने खाली गार्डन को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। जहां 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस गार्डन को नगर निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा अनदेखा किया गया, जिसे कॉलोनीवासियों ने मिलकर हरा-भरा करने का संकल्प लिया है। पौधारोपण करने वालों में अमित पांडेय, सुनील जैन, राहुल दिवेदी, सोनल द्विवेदी, सरला जैन, श्वेता, ऋतु पांडेय, माला सोना आदि मौजूद थे।

### जोहार छत्तीसगढ़ कल, देशभक्ति गीत पेश करेंगे कैलाश खेर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा का रंगारंग आयोजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संध्या 6 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने गायक कैलाश खेर एवं साथियों द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। जोहार तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### केंद्रीय मंत्री यादव करेंगे ऑडिटोरियम और ई-ऑक्शन प्रणाली का उद्घाटन

**रायपुर।** केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 12 अगस्त को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, केंद्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेंद्र कुमार भी शामिल होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलित सुविधा, स्टेज, एलईडी स्क्रीन जैसी समस्त सुविधाओं का समावेश किया गया है। इस ऑडिटोरियम में 140 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

# मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दिखाएगी दम, तीन माह के लिए ठेका

## 70 वार्डों में मच्छरों का खात्मा करने निजी एजेंसी को पहली बार ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मच्छरों पर काबू पाने में असफल नगर निगम अब 70 वार्डों के इनका खात्मा करने निजी एजेंसी की मदद लेगा। इसके लिए 3 माह में 1 करोड़ 24 लाख रुपए का बजट रखा गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने हाल ही में ग्लोबल टेंडर किया, जिसमें 5 कंपनियों ने निविदा भरी। 3 कंपनियां पात्रता की शर्तों पर खरी उतर नहीं पाईं। बाकी 2 कंपनियों में दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर के एएसएन एजेंसी में से कम रेट कोड करने वाली एजेंसी को इस कार्य का ठेका मिलेगा। सोमवार को एजेंसी तय होगी। शहर में सफाई के बाद अब मच्छर उन्मूलन का काम भी ठेके पर दिया जाएगा। यह काम निगम के बूते का नहीं रहा। हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए, न ही धुंआ छोड़ने वाली फॉगिंग मशीन का असर दिखा। ऐसे में नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए निजी एजेंसी के साथ अनुबंध करेगा, जिसमें चयनित एजेंसी फॉगिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव, मैनपॉवर और मशीन लेकर एकीकृत प्लान के तहत काम करेगी, यानी दस जोन के 70 वार्डों में एक साथ मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दम लगाएगी। अनुबंध शुरुआत में 3 माह के लिए होगा। अनुबंधित एजेंसी का काम संतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध की अवधि को राज्य शासन से अनुमति लेकर एक माह के लिए और बढ़ाया जा सकता है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जाएगा।

- दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर की एएसएन कंपनी हुई पात्र
- हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए



### मुख्यालय में कंट्रोलरूम टोल फ्री नंबर भी

योजना के मुताबिक, शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने नगर निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम खोला जाएगा। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्राही की देखरेख में यह कंट्रोल रूम संचालित होगा। यह प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद से कार्यशील रहेगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जल्द जारी किया जाएगा।

## हाईरिस्क वालों को भीड़भाड़ में मास्क का उपयोग करने की सलाह

# प्रदेश में स्वाइन फ्लू से चौथी मौत, बुखार के साथ सांस फूलने की हो शिकायत तो कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में स्वाइन फ्लू की दस्तक के बाद उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वालों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बुखार अगर लंबे समय से नहीं छोड़ रहा हो, उसकी वजह से सांस फूलने, चक्कर आने अथवा मानसिक बदलाव के संकेत नजर आते हों तो स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। राज्य में श्वांस संबंधी इस बीमारी की वजह से हाल ही में चार लोगों की मौत हो चुकी है। बिलासपुर में एक ने कल रात ही दम तोड़ा।

- पिछले दो माह से बढ़े मामले, चार मरीजों की अस्पताल में हो चुकी मौत

स्वाइन फ्लू संबंधी संक्रमण इंफ्लुएंजा-ए (एच1एन1) वायरस की वजह से होता है। इसका जोखिम कम प्रतिरोधक क्षमता अथवा अधिक आयु वालों को होता है। इसकी वजह से सर्दी, गले में खराश, बदन दर्द, सांस फूलने जैसी शिकायत होती है, यह समस्या अगर जल्दी ठीक नहीं हो रही है तो संबंधित शख्स को स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार, यह संक्रमण बारिश के बाद मौसम में आने वाली ठंडक के दौरान होता है। सही समय पर इसका इलाज नहीं होने से दूसरों में इसका विस्तार होने और कई बार जान जाने का जोखिम भी हो सकता है। राज्य में जनवरी से लेकर अब तक स्वाइन फ्लू के मामले सामने आए हैं, जिनमें से दर्जनभर से ज्यादा केस पिछले दो माह के हैं। स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक राज्य में चार लोगों की मौत हो चुकी है, इसलिए इससे बचाव के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का उपयोग करना चाहिए।




### आंकड़े चिंताजनक नहीं

स्वाइन फ्लू के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। अभी बारिश की वजह से इसमें थोड़ी तेजी दिख रही है, मगर आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं। इस संक्रमण से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जिसका बेहतर उपाय मास्क का उपयोग है।

- डॉ. डीके तुर्रे, उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### मामले आ रहे सामने

स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। आमतौर पर इसका जोखिम अधिक आयु के लोगों अथवा दूसरी बीमारी से पीड़ितों को होता है। स्वाइन फ्लू से मिलते-जुलते लक्षण अगर नजर आएं तो इसकी जांच करानी चाहिए। समय पर दवा लेने से इसके नियंत्रित किया जा सकता है।

- डॉ. आरके पांडा, विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट रोग आंबेडकर अस्पताल

### उपाय कोरोना की रोकथाम जैसे

स्वाइन फ्लू भी फैलने वाला घातक संक्रमण है। यहां संक्रमित व्यक्ति के नाक, मुंह से निकलकर वायरस वायुमंडल में मौजूद रहते हैं और थोड़ी असावधानी बरतने वाले को अपना शिकार बना लेते हैं। चिकित्सकों के अनुसार इसके बचाव भी कोरोना महामारी के रोकथाम जैसे ही है। सार्वजनिक वस्तुओं को छूने से बचना चाहिए, समय-समय पर हाथ धोने और चेहरे पर हाथ ले जाने से बचना चाहिए। दूसरे के रूमाल अथवा अन्य कपड़ों से परहेज करना आवश्यक है।

### स्वाइन फ्लू के लक्षण

सर्दी, खांसी गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, थकावट, जी मिचलना, स्वभाव में चिड़चिड़ाहट आना, कभी-कभी उल्टी अथवा दस्त की शिकायत होना।

### स्वाइन फ्लू से बचाव

अधिक आयु, को-मार्बिडिटी वाले भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, मास्क का उपयोग, बार-बार हाथ धोते रहें। समस्या दूर नहीं होने पर चिकित्सक के पास जाएं।

## घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस

# साय बोले- आदिवासियों का सम्मान करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, आदिवासियों का सम्मान करने का काम हमेशा से भाजपा ने किया है। कांग्रेस महज राजनीति करने और घड़ियाली आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं करती। भाजपा ने ही एक आदिवासी को इस राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। भाजपा ने ही देश के राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी को बिठाया है।



- सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के आरोप पर कहा, आजादी के 75 साल हो गए हैं। हम सब अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं भी आदिवासी समाज से हूं। आदिवासियों का सम्मान भाजपा ने हमेशा किया है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में आदिवासियों के विकास के लिए मंत्रालय का गठन किया गया था। छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी 32 प्रतिशत हैं। उनका समुचित विकास और छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण का गठन भाजपा की सरकार में हुआ है। भाजपा की देन है, जो आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बैठा है। कांग्रेस का काम महज राजनीति करना है। कांग्रेस के घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ होने वाला नहीं।

### मिनीमाता स्मृति दिवस पर 200 होनहारों का सम्मान

**रायपुर।** मिनीमाता अमर रहे के जयघोष के साथ बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने रविवार को अपनी गुरुमाता और अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर 'मिनीमाता स्मृति दिवस' मनाया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पंडरी में स्थापित आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर आदरांजलि दी।

# रजिस्ट्रेशन की रकम के लिए बरसों चक्कर अब 188 ग्राहकों को मिले तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल यानी सीजी हाउसिंग बोर्ड से रजिस्ट्रेशन की राशि वापस हासिल करने के लिए बरसों से दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर लगा रहे 188 लोगों को अब जाकर राहत मिली है। दरअसल हाउसिंग बोर्ड के ग्राहकों ने मकान-दुकान खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और उसकी राशि भी जमा करा दी थी, लेकिन किसी भी वजह से मकान-दुकान नहीं खरीदा, लेकिन ऐसे ग्राहकों को हाउसिंग बोर्ड रजिस्ट्रेशन की राशि वापस नहीं कर रहा था।

- मंत्री ओपी चौधरी के आदेश पर हुई रकम की वापसी
- मकान-दुकान पंजीयन के बाद नहीं किया था सौदा

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड द्वारा विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के बाद इसकी बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जो लोग प्रोजेक्ट के तहत मकान-दुकान खरीदना चाहते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। रजिस्ट्रेशन के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा मकान या दुकान की कीमत की चार प्रतिशत राशि पंजीयन शुल्क के रूप में जमा कराई जाती है। पंजीयन होने के बाद भी ग्राहक किसी भी कारण से खरीदी करने से इनकार कर देता है तो प्रावधान के मुताबिक, उसकी पंजीयन राशि हाउसिंग बोर्ड को ग्राहक को वापस करनी होती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पिछले कई साल से यह राशि ग्राहकों को नहीं दी जा रही थी।

### दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर काटे

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, राज्य में बड़ी संख्या में हाउसिंग बोर्ड के ग्राहक पंजीयन शुल्क का राशि वापस लेने के लिए संबंधित कार्यालयों से लेकर मुख्यालय के चक्कर काट रहे थे। कुछ ग्राहक ऐसे मामलों को लेकर अदालत भी गए थे। अदालत में जाने के बाद कुछ प्रकरणों में हाउसिंग बोर्ड को पेनाल्टी भी लगी थी। यह पूरा मामला जानकारी जब आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी को मिली तो उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार को इन मामलों के निराकरण का आदेश दिया था। आयुक्त ने ऐसे सभी मामलों की सूची बनवाई और अब जाकर ग्राहकों को पंजीयन की राशि वापस मिलनी शुरू हुई है।

### ग्राहकों को वापस मिले 3 करोड़ रुपए : आयुक्त

इस पहल के परिणामस्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ रुपए मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को उनकी रकम वापस की गई है।

## रविवि में क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू, सांसद ने किया शुभारंभ



**रायपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शुरू किया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा, किताबें जीवन का आधार हैं, प्रमाण हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबें पढ़ने का आव्हान किया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने भाग लिया। अपनी पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने किताबों की अहमियत और जरूरतों को विस्तार से बताया। प्रारंभिक भाषण में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के परियोजना अधिकारी दीपांजन चटर्जी ने बताया कि एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी योजना की स्थापना के तहत जिला पुस्तकालय, रायगढ़ को 87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। एनएमएल अनुदान के लिए राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के लिए 2 करोड़ 23 लाख रुपए और जिला पुस्तकालय के लिए 87 लाख रुपए का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ) की वित्तीय सहायता से की गई थी।

# दैवेभो वनकर्मियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों ने नियमितीकरण और स्थायीकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी धरनास्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे।

वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। धरनास्थल पर नारेबाजी और प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। हड़ताल में दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। धरनास्थल पर हड़ताली कर्मचारियों ने नारेबाजी, प्रदर्शन कर नियमितीकरण की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले वन मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताई थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। धरनास्थल पर पानी की व्यवस्था को लेकर हड़ताली कर्मचारी परेशान रहे। उन्होंने एसपी, तहसीलदार और एसडीएम से भी पेयजल व्यवस्था कराने आग्रह किया।

### कर्मचारियों की ये मांगें

आंदोलन में शामिल दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने आकस्मिकता कार्यभारित सेवा नियम लागू करने, नियमितीकरण और स्थायीकरण करने की मांग की है। इसके साथ ही वन विभाग में सीधी भर्ती रोक लगाने, कर्मचारियों के लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग की है।

# राशनकार्ड के लिए महिलाओं को करना पड़ा घंटों इंतजार, डाउन सर्वर ने बढ़ाई परेशानी

- जोरा, लभांडी गांव की महिलाएं शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचीं
- कंप्यूटर बार-बार हैंग, काउंटर पर कर्मचारी भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के रहवासियों के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया, जिसमें जोरा और लभांडी क्षेत्र की महिलाएं विशेष रूप से राशनकार्ड को लेकर शिविर स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचीं। इस दौरान बार-बार सर्वर डाउन होने और कंप्यूटर हैंग होने से महिलाओं को राशनकार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाओं के लिए नए राशनकार्ड पार्षद कार्यालय से वितरण नहीं हो पाने के कारण भी लोगों को शिविर में भीड़भाड़ की परेशानी सहनी पड़ी। निगम के आला अधिकारी इस बात को लेकर हैरान रहे कि लभांडी वालों को नया राशनकार्ड अब तक कैसे नहीं मिल पाया? नगर निगम जोन-9 क्षेत्रवासियों के लिए फुंडहर के बाद कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में अतिरिक्त शिविर लगाया गया। शिविर में लभांडी, जोरा, कृषकनगर, सांईनगर, प्रगतिनगर क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नागरिकों ने राशनकार्ड, आय प्रमाणपत्र, आधारकार्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन किए। इस दौरान जोरा की महिलाओं को नए राशनकार्ड के लिए परेशान होना पड़ा। कई कार्डधारी ऐसे रहे, जिनके नए राशनकार्ड बनने के बाद भी वार्ड स्तर पर वितरण नहीं हुआ था। उन्हें कार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। शिविर स्थल पर राशनकार्ड वाले काउंटर के कंप्यूटर बार-बार हैंग होने से लोग परेशान रहे। भुक्तभोगी महिलाओं ने जब इसका कारण पूछा तो उन्हें जवाब मिला कि सर्वर डाउन चल रहा है, इसलिए वहीं बैठकर इंतजार करना होगा। इसके चलते महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद राशनकार्ड मिल पाया। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य विभाग के स्टाल पर कर्मचारियों की कमी से भी काम प्रभावित रहा। जनसमस्या निवारण शिविर में जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा, जोन के अधिकारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।



### आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

सामाजिक कार्यकर्ता और सांईनगर आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन के मुखिया को बाकायदा विश्वास में लेकर शिविर से संबंधित सक्षम अधिकारियों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ कलेक्टर से प्रभावी पत्राचार करना था, क्योंकि राशनकार्ड से सबंधित जिला खाद्य अधिकारी और खाद्य विभाग के कर्मचारियों की कमी शिविर के दौरान देखी गई। शिविर में नागरिकों से 268 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 178 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। शिविर में 78 नागरिकों ने आय प्रमाणपत्र बनवाए। 31 नागरिकों ने अपने आधारकार्ड में तत्काल सुधार कराया।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी में राकांपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी शब्बीर अहमद विद्रोही के रायपुर आगमन पर नर्मदापारा स्थित कार्यालय में उनका भव्य स्वागत ढोल-बाजे और पुष्पवर्षा से किया गया। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने एकमत से पुरुषोत्तम पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग प्रदेश प्रभारी से की। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से घोषणा कर, जानकारी सदस्यों को दी जाएगी।

पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए श्री विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार करने के बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए अभी से जमीन तैयार करने का दौर चल रहा है। एक सवाल के जवाब में मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि दो उद्योग घरानों के लिए केंद्र सरकार के दो लोग काम कर रहे हैं।

अडाणी व अंबानी के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार है। पहले सीना ठोककर बात करते थे, लेकिन अब पसीना पोंछने को मजबूर हैं। वक्फ कानून संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अंबानी की आठ सौ करोड़ की संपत्ति, जो वक्फ बोर्ड की जमीन है, उसे बचाने के लिए कानून लाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कलामंदिर में स्वामी निखिलेश्वरानंद का व्याख्यान आज

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन और श्री रामकृष्ण सेवा मंडल के तत्वावधान में 13 अगस्त शाम 7 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर में स्वामी विवेकानंद व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी निखिलेश्वरानंद द्वारा आधुनिक मानव तनाव में विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। विवेकानंद विद्यापीठ, रायपुर के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा भी आध्यात्मिक उत्कर्ष और स्वामी विवेकानंद" विषय पर व्याख्यान देंगे। ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर और मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम को सफल का आग्रह किया है।

### खान समूहों की माइनिंग मीट उदघाटित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खनन विभाग के तत्वावधान में सेल की छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और टाटा स्टील लिमिटेड के खान समूहों की दो दिवसीय माइनिंग मीट का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । श्री दासगुप्ता ने 'उत्पादकता एवं सस्टेनेबिलिटी' में सामंजस्य स्थापित करते हुए खनन बिरादरी को प्रकृति से प्राप्त लौह अयस्कों का वैज्ञानिक पद्धति से दोहन कर, पर्यावरण को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में निम्न श्रेणी लौह अयस्क को उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क में प्रसंस्करित कर, उसे इस्पात संयंत्र में गलाने से कार्बन उत्सर्जन में कमी को न केवल संयंत्र अपितु सम्पूर्ण देश हित में बताया। ईडी पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, जयदीप दास गुप्ता, अलोक वर्मा, चीफ एंड एजेंट (नोआमुंडी खदान- टाटा स्टील लिमिटेड) डी. विजयेन्द्र तथा कार्यवाहक कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार एवं विभिन्न खदानों के अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला के विषय "लौह अयस्क खनन में उत्पादकता एवं सस्टेनेबिलिटी" के महत्व पर प्रकाश डाला व प्रतिभागियों से कार्बन उत्सर्जन में कमी, हितधारक प्रबन्धन, वैधानिक अनुपालन, माइन क्लोज़र आदि मुद्दों पर चर्चा करने पर जोर दिया।

# जितना आवश्यक पेड़ लगाना है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है रखरखाव

## नेशनल ह्यूमन वेलफेयर कॉउंसिल का से. 6 मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल ह्यूमन वेलफेयर कॉउंसल एवं देव मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अगस्त क्रांति दिवस माह पर प्रधान मंत्री मोदी के आह्वान एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण अभियान के तहत 11 अगस्त को सड़क 13 मैदान सेक्टर 6 में वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। मुख्य अतिथि हितवाद के संपादक ईव्ही मुरली थे। अध्यक्षता बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने की। विशेष अतिथि भिलाई इस्पात मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह, बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता, महासचिव शिव बहादुर सिंह, भिलाई व्यापारी संघ के अध्यक्ष केएन प्रेमनाथ, पर्यावरण मित्र संरक्षक बालूराम वर्मा, स्टील एम्पलाइज यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, इंटक के कैलाश सिंह, एचएमयू के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल,एचएमएस एचएन भारती, इस्पात श्रमिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह थे। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद मलिक, रामनारायण सिंह परिहार, देवेंद्र सिंह, पत्रकार राजेंद्र सोनबोईर, उपेंद्र सिंह, बीपी दुबे, सुरेंद्र तिवारी, श्रवण सिंह, नवीन सिंह, लाल बाबू सिंह, नरोत्तम, राजू रजक, राजा भाई, राहुल, गणेश दुबे, सपन चक्रवर्ती, राजू महानंद, सी एस रामू, राम गोपाल तिवारी, जितेंद्र साहू, संजय सिंह, जोगिंदर राम ठाकुर, राम सिंह, बीनू राम साहू, बाला, श्रीनाथ, सुरेंद्र सिंह, बलजीत सिंह आदि विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित थे।



### पीएम के एक पेड़ मां के नाम का दिया संदेश

ईवी मुरली ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक सरोकार से जुड़ा है। परविंदर सिंह ने कहा कि समूचे इस्पात नगरी को हरा भरा करने में बीएसपी का सबसे बड़ा योगदान है, जिससे सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। वरिष्ठ श्रमिक नेता नेता ठाकुर गजेंद्र सिंह ने कहा जिस तरह धर्म को मानना जरूरी है, उससे ज्यादा धर्म को जानना जरूरी है, इसलिए जितना आवश्यक पेड़ लगाना है, उससे कही ज्यादा उस पेड़ का रखरखाव करना जरूरी है। हम सभी की महती नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया।संस्था के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तरुण निहाल ने बताया कि इस मैदान में इसके पूर्व भी 5 व 6 अगस्त को पौधारोपण किया गया था।

## पढ़ी लिखी लड़कियां भी कर रहीं रोपाई, पखवाड़ेभर की बारिश से अच्छी फसल की आशा

# जिले के खेतों में बढ़ी रौनक, बियासी और रोपाई की खुशी से किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीस दिन पूर्व बादलों की लुकाछिपी के चलते सूखे की स्थिति से चिंतित किसान बाद में पखवाड़ेभर से हो रही बारिश से खासे खुश हैं। ट्विनसिटी के आउटर क्षेत्रों सहित जिले ग्राम्य इलाकों के खेतों में रौनक है। इन दिनों पर्याप्त वर्षा से रोपाई का काम जोरों पर है। अच्छे मानसून से किसानों को इस साल फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

देर आये दुरुस्त आए मानसून ने अंचल के खेतों के साथ खेतिहरों की भी तस्वीर बदल दी। पखवाड़े भर से हो रही झमाझम तो कभी रिमिझिम बरसात से किसानों की खुशी देखते ही बनती है। दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लाकों के गांवों के खेतों में मेले जैसा माहौल है। खेती किसानी के कार्य में आई तेजी आने से गांवों में सिर्फ छोटे बच्चे और वृद्ध ही दिखाई देते हैं, ज्यादातर बड़े व युवा लड़के लड़कियां दिनभर किसानी काम में जुटे हैं। बारिश पर्याप्त हो जाने से इन दिनों धान की रोपाई का काम तेजी से चल रहा है। औंधी, बेलौदी, गनियारी, पुरई, जामुल व चंद्रखुरी आदि जिले के गांवों के खेतों में हरियाली पसरी हुई हुई है। कई क्षेत्रों के खेतों में पानी अधिक तो कई खेतों में कम है। किसानों ने बताया कि जिले में लगभग 70 प्रतिशत बियासी और 30 फीसदी रोपाई होती है। जिन किसानों ने महीनेभर पहले धान की बुवाई की थी, वे अब बियासी और रोपाई में जुटे हैं। किसानों ने बताया कि रोपाई के लिए पहले से कुछ धान का थरहा (नर्सरी) तैयार कर लिए। रोपाई से करने से कचरा कम निकलता है। रोपाई के पहले खेतों को कोपर (पाटा) से समतल कर लेने से रोपा लगाने में सुविधा होती है। रोपाई कार्य पूर्ण हो जाने के बीस तीस दिन बाद धान के पौधों के थोड़े बड़े हो जाने पर निंदाई फिर करगा छंटाई कार्य शुरु हो जाएगा। इस दौरान खाद फसल की पौष्टिकता के लिए खाद का भी छिड़काव किसान करेंगे। चंद्रखुरी के किसान रेखराम बताते हैं कि खेतों में रोपाई के अनुकूल पानी है, थोड़ी धूप भी फायदेमंद है। गनियारी के मंगलूराम ढीमर बताते हैं कि 8 एकड़ खेत रेग पर लिया है। तीन एकड़ में रोपाई का कार्य चल रहा है। मासुरी धान की उपज होगी। इस साल फसल अच्छी होने की आशा है। जामुल के कृपाराम साहू बताते हैं कि बियासी रोपाई व खत्तू छिड़काव कर रहे हैं। रोपाई बाद हफ्तेभर की धूप जरुरी है।





### हंसी ठिठोली के बीच रोपाई

ग्राम्य अंचल के खेतों में उत्सवी महौल है। किसान और खेतिहर मजदूर सुबह से नाश्ता और खाना तथा पानी लेकर खेतों का रुख कर ले रहे हैं। घर देखने का जिम्मा बुजुर्गों पर है। किसानों को इस साल भी बनिहारों की किल्लत से गुजरना पड़ रहा है। कई किसान अपने परिजनों के साथ ही रोपाई आदि कार्य में जुटे हैं। वहीं बतौर खेतिहर पढ़ी लिखी लड़कियां भी आपस में हंसी ठिठोली करते हुए रोपाई आदि कार्य कर परिवार चलाने में मदद क रही है। कई पांकेट मनी भी निकाल रही हैं। कालेज में पढ़ने वाली रोपाई कार्य में जुटीं वंदना बताती हैं कि खेतों में काम करते अच्छा लगता है, पैसे भी मिल जाते हैं। रोपाई में जुटीं नहर पारा दीप्ति, पूनम, रुक्मणी, चेतना,आंचल, योगिता,मोना, हीरबाई आदि युवतियां 12 वीं और कालेज तक पढ़ी हैं।

### बंफर फसल के लिए रोगों से बचाव जरुरी

खेतों में कमरतोड मेहनत करने वाले किसानों को फसल की बच्चों की तरह देखभाल करनी होती है। किसानों ने बताया कि खेतों की जुताई, सफाई बाद धान की बुवाई फिर रोपाई निंदाई जैसे कार्य मेहनत के साथ खूब पैसे भी मांगते हैं। बीज के बाद खाद और पेस्टीसाइड के महंगे होने से हालत खराब है। पूरी फसल तैयार होने में करीब 50 हफ्ते लग जाते हैं। आगे महीने भर बाद सबसे बड़ी समस्या तनाछेदक, ब्लास्ट व माहू जैसी बीमारी लगने की होगी। बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव करेंगे। मैनुअल के साथ अधिकतर काम यंत्रों से हो रहा है। उमरपोटी के रेशम साहू बताते हैं कि धान की फसल अक्टूबर नवंबर तक तैयार हो जाएगी। फिलहाल पानी पर्याप्त है अब हफ्तेभर तक मौसम खुला रहना चाहिए। इस मानसून अच्छा रहने से बंफर फसल की उम्मीद है।

# कैंटीन, सफाई और पानी की समस्या से जूझ रहे आरएमपी कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने आरएमपी 3 के महाप्रबंधक प्रभारी को पत्र लिखकर भिलाई इस्पात संयंत्र के आरएमपी - 3 विभाग की समस्याओं के जल्द निदान की माँग किया की है। सस्याओं से कर्मियों को परेशानी हो रही है। सफाई, पेयजल और कैंटीन आदि मांगों के पूर्ण होने से कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

यूनियन के उपाध्यक्ष उमकांत कन्हाई ने ज्ञापन में बताया कि आरएमपी के शौचालय की सफाई तथा अनुरक्षण विभाग में , शौचालय की नियमित साफ सफाई नही होती है, विभागीय शौचालय की दिवारों तथा छतों में सीपेज भी है । यूरिनल तथा बेसीन से लगातार स्राव होते रहता है। शौचालय सफाई तथा अनुरक्षण का वार्षिक कैलेण्डर को संबंधित विभाग के साथ तालमेल बनाकर कराया जाय ।

विभाग में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नही है । इसके लिए एक्वागार्ड या अन्य मान्यता प्राप्त कंपनी का वाटर फिल्टर लगाया जाय तथा उसका नियमित अनुरक्षण किया जाय । कार्मिकों के रिफ्रेशमेंट के लिए, विभाग में सर्वसुविधा युक्त, उचित गुणवत्ता के साथ खाद्द सामाग्री की उचित मूल्य वाली कैंटीन खोला जाय ।

हर पाली में पाली प्रभारी की प्रतिनियुक्ति हो। उच्च ग्रेड का कार्य करने के एवज में, "एक्टिंग भत्ता का भुगतान किया जाय । विभागिय कार्यो को पुरा कराने के लिए, मोबाईल सेट, मोबाईल सीम , रिचार्ज एवं इंटरनेट पैक उपलब्ध कराया जाय ।

### जल्द हों मांगें पूरी

रात्री में चोरी की घटनाएं रोकने सुरक्षा कर्मियों का एक पोस्ट बनाया जाय तथा नियमित ड्युटी लगाई जाय। आवश्यक कार्य से बाहर जाने वाले कार्मिकों को आउट पास देने के लिए कई बार जिम्मेदार अधिकारी मौजूद ही नही रहते है। समस्या का भी समाधान निकाला जाय। सभी क्षेत्रों मे पर्याप्त प्रकाश की भी व्यवस्था कराई जाय। गैर कार्यपालक कर्मचारियों के गाड़ियों के पार्किंग का शेड बनवाया जाये।

- विभाग को ग्रेट प्लेस टू वर्क बनाने की मांग
- बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने जीएम प्रभारी को लिखा पत्र

### जन उद्धार परिषद का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**भिलाई।** जन उद्धार परिषद द्वारा हनुमान मंदिर सुपेला चौक में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न हुआ। उदघाटन जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष महेश वर्मा ने किया। शिविर में आई ड्राप व दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में परिषद के अध्यक्ष दीपक वर्मा सहित गुलाब वर्मा, मीना शुक्ला, संजीव कुमार, अमन वर्मा आदि उपस्थित थे।

# आदिवासी अधिकारों के लिए हों संगठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी इम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम अम्बेडकर भवन सेक्टर 6 हुआ। मुख्य अतिथ कमिश्नर महादेव कावरे व पूर्व अजाजजा आयोग के अध्यक्ष जीआर राणा बीएल ठाकुर व हीरा लाल नायक व एसोसिएशन के संरक्षक सुनील रामटेके, प्रो.यशेशवरी ध्रुव, चन्द्र कला तारम, आशीष गौतम व आनदं रामटेके अध्यक्ष अतिथि थे। श्री कावरे ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस समाज में उर्जा प्रदान करता है और सामाजिक एकता का संदेश देता है। सभी अधिकारों के लिए संगठित हों। श्री राणा ने आयोजन की प्रशंसा की। हमारे पूर्वजों न जो सघर्ष किया, इसी का परिणाम है कि आज हम एक सूत्रीय कार्यक्रम के तहत पूरे देश में उल्लास विश्व आदिवासी दिवस मना रहे हैं । हीरालाल नायक ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में हमें भारतीय सविधानं के तहत प्रदत अधीकार के लिए सतत जागरूक होना आवश्यक है, चूंकि वर्तमान समय हमे हर चुनौतियों हमारे सामने है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सतोषं कुमार ठाकुर और आभार प्रदर्शन दीनानाथ प्रसाद ने किया। इस अवसर पर समाज को बच्चों ने लोकनृत्य प्रस्तुति किया।

- आंबेडकर भवन में बीएसपी एससीएसटी इम्प. एसोसिएशन का विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम

## सेल ने वित्त वर्ष की वित्तीय परिणाम जारी किए

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) ने पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान, कंपनी के ईबीआईटीडीए में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले 15% से अधिक की वृद्धि हुई, जो कंपनी के कोर प्रदर्शन के नियमित गति से जारी रहने का संकेत है।स्थिर प्रदर्शन में नियमति वृद्धि का संकेत है। हालांकि, सस्ते आयात के चलते घरेलू इस्पात बाजार में शुद्ध विक्रय आय एनएसआर में गिरावट देखने को मिली, जिससे परिचालन से होने वाला कारोबार प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही का मुनाफ़ा शुद्ध विक्रय आय में गिरावट और अप्रत्याशित मदों से संबंधित समायोजन के चलते प्रभावित हुआ। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने पहली तिमाही के प्रदर्शन पर कहा, "पारंपरिक और उभरते दोनों क्षेत्रों द्वारा संचालित घरेलू इस्पात की खपत में लगातार वृद्धि जारी है। इसके अलावा, हाल ही में घोषित केंद्रीय बजट के अनुसार बुनियादी ढांचा क्षेत्र में चल रहे सरकारी निवेश से विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। घरेलू इस्पात क्षेत्र के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ, सेल अपने उत्पादन की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## विधायक को भेंट किया कांवड़, आज निकलेगी यात्रा



**भिलाई।** हर साल की तरह इस वर्ष भी जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। विधायक देवेन्द्र यादव शहर वासियो कि सुख शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए 30 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा करेंगे। इस दौरान 12 अगस्त सोमवार को सुबह विधायक देवेंद्र यादव शिवनाथ नदी में स्नान कर अपने कांवड़ में शिवनाथ नदी का जल भरकर हर हर महादेव का जयकारा करते हुए निकलेंगे। कांग्रेसी नेता सौरभ मिश्रा ने विधायक को कावड़ भेंट किया है।

# जाट समाज का तीज मिलन में डांस मेंहदी, रंगोली के प्रतिभागी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई में तीज मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सहीराम जाखड़ की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डान्स, मेहन्दी, रगोंली , खेलकूद व तीज क्वीन आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी थे। कार्यक्रम में सरंक्षक अतर सिंह खोखर, नारायण सिंह दहिया, रामेहर ढुल, राजीव नान्दल, डिप्टी डॉयरेक्टर वेटनरी दुर्ग एस पी सिंह, सचिव रोहतास सिंह गहलावत, व समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों के प्रयासों से कार्यक्रम सफल हुआ।

## हजारों कांवड़ियों का जत्था पहुंचा देवबलोदा

**भिलाई।** श्रावण मास के महीने में शिवभक्तों की धूम है। इसी कड़ी में खुर्सीपार जोन 1, भिलाई से प्राचीन शिव मंदिर देवबलोदा के लिए रविवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भिलाई खुर्सीपार से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यह यात्रा शिवालय ग्राउंड जोन 1 से प्रारंभ हुई एवं जोन 2 गुरुद्वारा चौक श्री राम चौक, खुर्सीपार चौक के रास्ते नेशनल हाईवे, डबरा पारा, भिलाई 3, जी केबिन होते हुए प्राचीन देव बलौदा मंदिर पहुंचे। रास्ते में कई स्थानों कांवड़ यात्रियों का धूम-धाम से स्वागत एवं पुष्प वर्षा की गई। इस कांवड़ यात्रा का नेतृत्व पार्षद विनोद सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने किया। यात्रा में दुर्ग सांसद विजय बघेल, युवा नेता मनीष पांडे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद राम उपकार तिवारी, संतोष मौर्य समेत कई नेता मौजूद रहें। देवबलोदा मंदिर प्रांगण में भजन कार्यक्रम एवं कांवड़ियों के लिए भव्य भोजन भंडारे की व्यवस्था रखी गई थी।

### प्राथमिक स्कूल में विधायक ने बच्चों के साथ किया न्यौता भोजन

**दुर्ग।** शनिचरी बाजार स्थित प्राथमिक स्कूल के न्योता भोजन कार्यक्रम में पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव ने बच्चों संग भोजन किया। उन्होंने पौष्टीक खान पान, स्वछता और पढ़ाई के बारे बच्चों को प्रोत्साहित किए। इसके पूर्व विधायक श्री यादव ने स्कूल के बच्चों को भोजन परोसे। न्योता कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल शा. प्राथमिक स्कूल में न्योता भोजन कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए और उन्होंने बच्चों को छत्तीसगढ़ में न्योता के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य नितिन अग्रवाल, नीलिमा श्रीवास्तव, सुषमा साहू, रविंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## अमलेश्वर स्थित सांकरा के कॉलोनीवासियों ने की शिकायत

# रुपए लेकर बिल्डर ने मकान को छोड़ा अधूरा, नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कॉलोनी बसाने के नाम पर ठगी करने का आरोप लोगों ने लगाया है। उक्ताशय का आरोप सांकरा अम्लेश्वर स्थित साईं सिटी के रहवासियों ने लगाया है। कॉलोनी को बसाने वाले प्लॉट ऑनर और बिल्डर ने उनके साथ धोखाधड़ी किया है।

कॉलोनीवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीओ) पाटन इसकी शिकायत की है। जांच कर कार्रवाई की मांग लोग कर रहे है। पीडब्ल्यूडी पाटन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पाटन, राज्य विद्युत मंडल अम्लेश्वर, रेरा में भी लोगों ने शिकायत की है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि यहां पर प्लॉट बेचने और मकान बनवाने के नाम पर उनके साथ लाखों रुपय की ठगी की गई है। आरोप है कि बिल्डर कौस्तुभ मिश्रा ने लोगों की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर गायब हो गया है। लोगों के आधे-अधूरे मकान छोड़कर अंडर ग्राउंड हो गया है। लोग अपने मकान और मूलभूत सुविधाओं के लिये दर-दर भटकने को मजबूर हो रहें है। आधे-अधूरे मकानों को बनाकर बिल्डर गायब है। जबकि मकान लेने के दौरान प्लाट ऑनर और बिल्डर ने एग्रीमेंट में सभी मूलभूत सुविधायें देने का वादा किया था।



### तीन फेस में होना था काम

लोगों ने बताया कि 13 साल पहले वर्ष 2011 में जब कालोनी को बसाया जा रहा था। तब कॉलोनी के प्लॉट ऑर्नर बैरन बाजार रायपुर निवासी शरद अग्रवाल और उनके साथ पार्टनरशिप में काम कर रहे तीन से चार लोगों ने कॉलोनी कैंपस में मकान के साथ ही सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, सड़क, नाली, पानी , गॉर्डन, मंदिर, बाउंड्रीवॉल बनाकर देने का वादा किया गया। लेकिन अभी तक कॉलोनी में पूरी तरह से सड़क नहीं बन पाई है जो बनी है, वह भी आधी-अधूरी है। सड़कों में दरारें आ गई हैं। कई जगह से जर्जर हैं। अभी तक कॉलोनी में पूरी तरह से सड़क और नाली नहीं बन पाई है। इस कॉलोनी को तीन चरणों में यानी फेस वन, फेस टू और फेस 3 के तहत बसाया जा रहा है, लेकिन अभी सिर्फ फेस वन में ही आधा-अधूरा निर्माण करके छोड़ दिया गया है।




## खबर संक्षेप




### हांटरांका स्कूल की छात्राओं को सायकिल वितरित

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना कार्यक्रम के तहत सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कक्षा 9वी में अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान बनाता है। इसी श्रृंखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य डीएल भुवार्य एवं छात्राओं समेत शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गणेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि खिलावन साहू, राजेन्द्र वर्मा, बल्लू नोहर पाल, दिनेश वर्मा, पवन वर्मा, सेवाराम साहू उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान के लिए निकाली गई रैली




**नवागढ़।** सोमवार को बेमेतरा कलेक्टर के निर्देश पर नवागढ़ नगर में हर घर तिरंगा अभियान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार ने बाइक रैली निकालकर पब्लिक को इस कार्यक्रम के लिए जागरूक किया। रैली में तिरंगा झंडा लेकर एसडीएम के साथ तहसीलदार विनोद बंजारे, थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव, सीएमओ नवागढ़ टीआर चौहान सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारीयों ने बाईक में तिरंगा झंडा लेकर नगर भ्रमण किया। रैली में हाथों में तिरंगा थाम कर भारत माता की जय लगाते हुए चल रहे थे। रैली का सामाजिक बंधुओं ने स्वागत किया। नवागढ़ एसडीएम ने बताया कि रैली का उद्देश्य लोगों को राष्ट्र प्रेम एवं भाईचारा और एक जुटता बनी रहे। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि सभी हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें। इस दौरान आरआई जुबेर खान, पटवारी दिनेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रमोद जैन को मिला दिव्यांग सशक्त सम्मान

**अंडा।** प्रमोद जैन (सिंघल) को 2024 दिव्यांग सशक्त सम्मान प्रदान किया गया है। आरके किड्स रनवे में आत्मनिर्भर दिव्यांग सशक्त सम्मान 2024 होटल श्यामा ट्रायट्रन रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल सांसद, टंकराम वर्मा खेल मंत्री, संपत अग्रवाल विधायक बसना, अभिनेत्री हेमा शर्मा, गौरव अग्रवाल, दर्शन सिंग, राकेश सोनी, हितेश बाफना की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ छत्तीसगढ़ प्रमोद जैन सिंघल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और पालक थोड़ा सहयोग कर बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचा सकते हैं।

### हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

# सड़कों को मवेशियों से मुक्त रखने तैनात होंगे कर्मचारी, स्थान निर्धारित कर लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश की सड़कों पर आवारा मवेशियों के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीर मसला माना है। जिले में भी नेशनल हाईवे पर आवारा मवेशियों का झुंड बना रहता है। खबर के बाद कलेक्टर रणबीर शर्मा ने एक्शन ओर नगर पालिका के कर्मचारियों की चौक चौराहों पर नाम और मोबाइल नंबर सहित ड्यूटी लगा दी है। अब यदि सड़कों पर मवेशी पाए गए, तो उस निर्धारित स्थान पर जिस कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

■ ड्यूटी पर लगाए कर्मचारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की दी गई हिदायत

बता दें कि जिला मुख्यालय सहित अंचल में आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर घूमते ओर बैठे रहते हैं। कुछ दिनों पहले अभियान भी जोर-शोर से प्रशासन ने चलाया था, परंतु फिर से सड़कों पर बेफिक्र मवेशी सड़कों पर घूमते हुए रहते हैं। इसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यहां तक कि इन आवारा पशुओं के कारण कई लोगों की जान भी चली गई है। बीते 12 अगस्त को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था।

#### इन कर्मचारियों की लगाई गई जगहवार ड्यूटी


अव्यवस्था : लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

शहर की सड़कों पर घुमंतू मवेशियों का कब्जा आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं, मौन हैं जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मवेशी मालिकों पर कार्रवाई नहीं

मटेरियल भी कर रहा आवाजाही बाधित

जिले के विभिन्न चौराहों पर आवारा पशुओं को हटाने व सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए कर्मचारियों को प्रभार और कार्य दिया गया है। इसके तहत नवागढ़ चौक मुरारी ढाबा से नया बस स्टैण्ड तक प्रभारी जीवन साहू हैं, जिनका मो.नं.- 9753996499 और अरविंद मिश्रा 9098837542 है। इसी तरह नया बस स्टैण्ड से रेस्ट हाउस चौक से मोहभट्ठा तक प्रभारी संतोष वर्मा मो.नं. 9479044205 हरमन सिंह वर्मा मो.नं.- 9009949293, पुराना बस स्टेण्ड से कोबिया तिराहा तक प्रभारी योगेश साहू मो.नं 9340867482 मारकण्डेय साहू मो.नं - 7974305408, पुराना बस स्टैण्ड से दुर्ग रोड कसार पेट्रोल पंप तक प्रभारी देवेन्द्र बनाफर मो.नं. 9340717768 व ईश्वर सिंह वर्मा मो.नं. 9926515370 हैं। ड्यूटी पर लगे अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन उक्त मार्गों पर भ्रमण कर मार्गों को मवेशी मुक्त रखना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन अवारा पशुओं को किन-किन स्थानों से किनके द्वारा दिया वाहन से हटाया गया एवं हटाकर किस स्थान पर रखा गया है इसकी जानकारी प्रभारी को उपलब्ध कराएंगे। पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा चारा, पानी, शेड इत्यादि की व्यवस्था संबंधित क्षेत्र प्रभारी सुनिश्चित करेंगे। पशु एवं चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए पशु का स्वास्थ्य परीक्षण कराना भी सुनिश्चित करेंगे।

इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने फरमान जारी कर दिया। इसके अनुसार सड़कों पर स्थान निर्धारित कर नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आम नागरिक भी उन्हें फोन कर सूचना दे सकें।

#### प्रशासन ने किया दावा की जा रही कार्रवाई

हालांकि प्रशासन ने कहा कि दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात को सुचारू बनाना था। पशुओं को पकड़ने और स्थानांतरित करने के दौरान उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अभियान के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और विशेष वाहनों का उपयोग किया जा रहा हैं। इस अभियान से सड़कों पर यातायात जाम और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आई है, जिससे यात्रियों की यात्रा सुगम हो गई है। नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा एक ही दिन में 83 आवारा पशुओं को पड़कर कांजी हाउस एवं गोठन में शिफ्ट किया गया किया गया है। इसके अलावा 13 हज़ार 800 की चालानी कार्रवाई पशु मालिकों के विरुद्ध की गई है।

#### तय की जाएगी जिम्मेदारी, होगी कार्रवाई

ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी संबंधित पशु पालकों पर जुर्माना लगाने तथा आम जनता को इस विषय पर जागरूक किए जाने एवं आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही की गई कार्यवाही से प्रभारी अधिकारी को अवगत कराते हुए समस्त प्रभारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की बैठक कर उनके दायित्व का निर्वहन एवं शिथिलता पर संभावित वैधानिक कार्यवाही के विषय में सचेत किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उच्च न्यायालय द्वारा सड़कों में मवेशी को लेकर निर्देश दिए की दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी तय होनी है, इसलिए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें अपालन की स्थिति में अवारा पशुओं की मौजूजगी के कारण उत्पन्न दुर्घटना/घटना के लिए संविलीय पर पदीय दायित्वों के निर्वहन में चूक माना जाकर एक पक्षीय विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है । जिसके लिए संबंधित नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी/प्रभारी एवं अधिकारी/ कर्मचारी/श्रमिक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

#### यात्रियों को मिलेगी सुरक्षा

सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही थी। यातायात जाम और वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात को सुगम बनाना है, बल्कि शहर की सड़कों को सुरक्षित और साफ-सुथरा रखना भी है। इससे न केवल यात्रियों की यात्रा सुरक्षित होगी, बल्कि शहर का सौंदर्य और स्वच्छता भी बढ़ेगी।

## सफलता सिर्फ शैक्षणिक योग्यता से नहीं, बल्कि दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा जिले के ग्राम कठिया में स्थित प्रेरणा विद्यालय में आयोजित करियर गाइडेंस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये । इस दौरान उन्होंने स्कूल में बच्चों के करियर गाइडेंस के महत्व पर चर्चा की और उन्हें बताया कि हायर एजुकेशन के बाद क्या कदम उठाने चाहिए। उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और यह भी समझाया कि सही करियर चुनने के लिए कौन-कौन से पहलूओं पर ध्यान देना जरूरी है। कलेक्टर ने छात्रों को उनके रुचियों और क्षमताओं के आधार पर सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया और आगे की पढ़ाई और करियर में सफलता पाने के लिए उपयोगी टिप्स भी साझा किए। कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए, जिससे वे उनकी सोच और समस्याओं को समझ सकें। उन्होंने छात्रों से उनकी पढ़ाई और करियर से जुड़ी चिंताओं के बारे में बात की और उनकी



समस्याओं को हल करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। कलेक्टर ने शिक्षा में आ रही परेशानियों से निपटने के लिए कुछ उपाय भी सुझाए, जैसे कि सही समय प्रबंधन, सही मार्गदर्शन का चुनाव, और पढ़ाई के दौरान आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनने के तरीके। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे शिक्षा में आने वाली चुनौतियों को एक अवसर की तरह लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

#### बच्चों के साथ साझा किए अपने अनुभव

कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों के साथ अपने आईएएस बनने की यात्रा को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने बचपन से लेकर सिविल सेवा में प्रवेश तक के अपने शैक्षणिक जीवन में कठिनाइयों का सामना किया और उन पर विजय पाई। कलेक्टर ने अपनी शिक्षा के दौरान की गई मेहनत, समर्पण और सही रणनीति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर कॉलेज तक विभिन्न विषयों में गहन अध्ययन किया और अपनी रुचि और क्षमताओं को पहचानकर सिविल सेवा की तैयारी शुरू की। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि सिविल सेवा में सफलता केवल शैक्षणिक योग्यता से नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, और निरंतर प्रयास से प्राप्त की जा सकती है। अपने व्यक्तिगत अनुभवों से उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें सीखने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। कलेक्टर ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं और चुनौतियों का सामना किया, और सही मार्गदर्शन और मेहनत से अपने लक्ष्य तक पहुंचे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि अगर वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं, तो किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं।

## डाइट बेमेतरा में हुई तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत सोमवार को डीएलएड छात्र अध्यापकों के मध्य तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में डीएलएड के छात्र अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने विषय के अंतर्गत बहुत सुंदर एवं सारगर्भित बातें रखीं। शासन के निर्देशनुसार हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा महा अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सभी संस्थाओं में 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में आज डाइट बेमेतरा में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें कुल 17 छात्र अध्यापकों ने भाग लिया। सभी ने अपने विषयों पर बेबाक अपनी बातें रखी।

इन छात्र अध्यापकों में अंजू साहू, अर्चना जांगड़े, एकता देवांगन, निशा वर्मा, ओमेश्वरी साहू, नीलम सेन, योगेश्वरी साहू, उत्पल गायकवाड, अमित साहू, फूलचंद सोनवानी, सूर्य प्रताप, अरमान शाह, प्रतीक साहू, भवानी राम, हुमेंद्र, राजकुमार, और गुर्नर एलार्ड शामिल रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी यमुना जांगड़े मैडम ने सभी छात्र अध्यापकों को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिभा को निखारने का एक बहुत अच्छा अवसर भी मिलता है आज के इस कार्यक्रम में डाइट संस्थान बेमेतरा की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे सहित द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

## तुलसीदास के जन्मोत्सव पर सपाद लक्षेश्वर धाम में हुआ मानसगान




**बेमेतरा।** सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा एवं जिला मानस संघ के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडलियों द्वारा बेहद शानदार सांगीतिक प्रस्तुति दी गयी। इस खास अवसर पर मानस प्रखर सन्त शेखर दास गोस्वामी तुलसीदास द्वारा संसार को रामचरित मानस जैसे अद्भुत ग्रन्थ के रूप में कलयुगी मानव कल्याण के उपहार स्वरूप प्राप्ति को लेकर गुणगान किया गया।

इस दौरान बताया गया कि महान तुलसीदास जी का जन्म श्रावण शुक्ल के सप्तमी को हुआ। जिसके कारण इस दिन का रामायण एवं सनातन संस्कृति से जुड़े मानस पथिकों को बेसब्री से इंतज़ार रहता है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों से मानस मंडली व संगठन द्वारा बहुत ही मनमोहन प्रस्तुति दी गई।इस आयोजन पर मानस संघ के जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता में तीन दिन के लिए अलग अलग पदाधिकारियों को कार्यक्रम का जिम्मा सौंपा गया था। जिसमे सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आगाज तीन दिनों तक हुआ, जिसमे क्षेत्र के भक्तजनों एवं सनातन पन्थियों सहित मानस संघ से जुड़े लोग सम्मिलित हुए।

## साजा में शुरू हुआ घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

केंद्र व राज्य सरकार के आह्वान पर साजा में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान की सोमवार को शुरुआत की गई। इसका समापन 14 अगस्त को होगा। इसी के तहत सोमवार को साजा में तिरंगा यात्रा बाइक रैली कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी साजा के समस्त मण्डल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू थे।

तिरंगा यात्रा विधायक कार्यलय से शुरू होकर डोंगीतराई, जाता, से होकर पुनः नगर मुख्यालय साजा पुराना बाजार चौक में मंचीय कार्यक्रम के साथ समाप्त हुई। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विधानसभा के प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर तिरंगा पहुंचाने तक पदयात्रा एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा बैक रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



उन्होंने देश प्रेम के प्रति लोगों से जागरूक होने की अपील की। इस दौरान नथमल कोठारी, जिला पंचायत सभापति गोवेद्र पटेल, मूलचंद शर्मा, बल्लू साहू मंडल अध्यक्ष, तोरण पुन्नी यादव, राजेंद्र राजपूत, ज्वाला सिंग ठाकुर, हरिशंकर टावरी, नारद देवांगन एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा उपाध्यक्ष आयुष शर्मा, साजा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, थान खमहरिया आदर्श जोशी, भोज सिन्हा सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बीजागोड़ स्कूल में निकाली गई तिरंगा रैली




**बेमेतरा।** हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ के बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। हर गली, चौक चौराहे पर नुक्कड़ कर ग्रामीणों के बीच घर घर तिरंगा झंड़ा लगाने की अपील की। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने हर घर तिरंगा शपथ दिलाई। शाला में बच्चों को चित्रकला, निबंध लेखन कराये गये एवं देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविता, नारों का वाचन किया गया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा का आयोजन हर दिन आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा हमारा राष्टध्वज है। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंड़ा ऊँचा रहे हमारा और भारत देश हमारा, प्राणों से प्यारा ये गीत आज भी हमारे हृदय में बसते हैं। इसी गीत को गाते हुए बच्चे रैली में चल रहे थे। सैकड़ों, हजारों देशभक्तों ने इस प्यारे तिरंगे की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। इसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शाला के प्रधानपाठक विशेषर नेताम ने सभी ग्रामीणों से अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रधानपाठक विशेषर नेताम, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा, स्वागता कर्मकार, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में मना अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के संयुक्त तत्वावधान में 12 अगस्त सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया एवं 'नशा मुक्ति भारत अभियान' के अंतर्गत एड्स जागरूकता व विश्व हाथी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। इस अभियान के तहत रंगोली, भाषण, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन के साथ-साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### कस्तुरबा बालिका विद्यालय में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

## आदिवासी अपनी परंपरा और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्धः घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा तथा उनके खानपान के बारे में जानकारी दी। शाला में केशसज्जा, पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, भाषण,गीत तथा आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ सभी शिक्षकाओं ने भी नृत्य में भाग लिया। जिससे सभी बच्चे खुश हो गए। इससे बच्चे और शिक्षिकाओं के बीच संबंधों में मधुरता बढ़ी। आदिवासी जल, जंगल, प्रकृति से बहुत लगाव रखते है। वे प्रकृति की पूजा करते है। कंदमूल, फल, बीज, वनोपज ही उनकी आजीविका के साधन है।आदिवासी अपनी सुंदर संस्कृति और परंपरा के लिए विश्व प्रसिद्ध है। आज के डिजिटल युग में हमें अपनी संस्कृति को बचाने



के लिए आवश्यक है कि पढ़ाई के साथ लोककला, लोकगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम का समावेश शालाओं में हो। जिससे विद्यार्थी अपनी संस्कृति के साथ नया भविष्य गढ़ सकने में समर्थ हो सके। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चे पढ़ाई के साथ साथ अपनी संस्कृति से जुड़े रहेंगे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे, ममता गुरुपंच, राजकिरण मिश्रा, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया , दीप्ति नौरंगे, सावित्री यादव उपस्थित रहीं।

